# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510

संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, बुधवार 30 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143




## पहलगाम में निहत्ते मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी

भोपाल हेडलाइन जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए निहत्थे पर्यटकों पर पाकिस्तान के आतंकवादियों के द्वारा कायरता पूर्ण हमले के विरोध में भीम आर्मी आज समाज पार्टी युवा मोर्चा ने 28/4/2025 की शाम को भोपाल में स्थित ग्राम छावनी में परम पूज्य डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के स्तंभ से पहलगाम में निहत्ते मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी घायल हुए पर्यटकों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद जातिवाद मुर्दाबाद के नारों के साथ भीम आर्मी आज समाज पार्टी युवा मोर्चा भोपाल जिला अध्यक्ष मोहन अहिरवार जी के द्वारा अपने वक्तव्य में आतंकवाद और जातिवाद दोनों को मानव सभ्यता के लिए नासूर बताया गया और कहा



गया की इसका इलाज अब बोली नहीं गोली है केंद्र सरकार से भी अपील की है कि पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें अगर कड़ी कार्यवाही पुलवामा अटैक के बाद पाकिस्तान पर की होती तो शायद हमको पहलगांव की सुंदर हरी घास पर हमारे देश के पर्यटकों के खून के छींटे देखने ना पढ़ते लेकिन अब देश की जनता में आक्रोश है इसीलिए केंद्र सरकार से भीम आर्मी आज समाज पार्टी युवा मोर्चा मांग करती है कि पाकिस्तान पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें यही देशवासियों के लिए जम्मू कश्मीर के पहले गांव में मृत लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी अब देश की आवाम की निगाहें आपके फैसले पर है

श्रद्धांजलि में भीम आर्मी आज समाज पार्टी भोपाल जिला अध्यक्ष मोहन अहिरवार जी युवा समाजसेवी अतर सिंह भारती जी उपाध्यक्ष बबलू जाटव जी सचिव शरण त्रिपालिया जी नरेला विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र सूर्यवंशी जी काशीराम अहिरवार जी कैलाश अहिरवार जी नीलेश अहिरवार जी राजा अहिरवार जी के साथ भोपाल जिले के पदाधिकारी और कई कार्यकर्ता मौजूद रहे

## तमिल नव वर्ष 2025 उत्सव तमिल नववर्ष का आयोजन संपन्न

**संतोष योगी की खबर 9993268143**
**भोपाल हेडलाइन**

तमिल संगम भोपाल ने बी एच ई एल सांस्कृतिक भवन पिपलानी मे तमिल नव वर्ष 2025 का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक किया। तमिल नव वर्ष, जिसे पुथांडु के नाम से जाना जाता है, तमिल कैलेंडर की शुरुआत का प्रतीक है और विश्व भर के तमिल समुदायों के लिए गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। यह नई शुरुआत, समृद्धि, कृतज्ञता और परंपराओं की निरंतरता का प्रतीक है। भोपाल में, जहां तमिल समुदाय तमिलनाडु से दूर अपनी समृद्ध विरासत को जीवित रखता है, यह वार्षिक उत्सव एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मील का पत्थर बन चुका है। मध्य प्रदेश सरकार के मजबूत समर्थन के साथ, इस वर्ष के उत्सव में अभूतपूर्व भागीदारी देखी गई, जिसने इसे अब तक के सबसे यादगार आयोजनों में से एक बना दिया। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि डॉ राघवेंद्र शर्मा, श्री किशन सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर निगम भोपाल, विशेष अतिथि के रूप में आर. के. जीवगंथन, अतिरिक्त महाप्रबंधक, केनरा बैंक, भोपाल, डॉ सेंथिल कुमार उपायुक के वी एस, श्री सुनील शर्मा ए आई जी पुलिस, श्री मनिकन्द स्वामी अतिरिक्त आयुक्त जी एस टी, श्री रोहिन्त उपायुक आयकर विभाग, श्री स्वामीवेल ने भारत की सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाली क्षेत्रीय परंपराओं









के उत्सव के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने सरकार की सांस्कृतिक स?द्भाव और समावेशी सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने वाली पहलों के प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उपस्थित थे। दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने तमिल संगम द्वारा विशेष रूप से युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने और मध्य प्रदेश में समुदाय के नागरिक जीवन में योगदान के प्रयासों की सराहना की। तमिल नव वर्ष उत्सव 2025 एक सांस्कृतिक आयोजन एकता, गर्व और परंपराओं के प्रति समर्पण का प्रतीक था। सबसे युवा कलाकारों से लेकर बुजुर्गों की कहानियों, पवित्र अनुष्ठानों से लेकर स्वादिष्ट तमिल भोजन तक, दिन का हर क्षण यह जानकारी सचिव सुब्रमनियम ने दी उन्होंने बताया तमिल विरासत को संरक्षित करने की साझा प्रतिबद्धता के साथ गूंजता रहा। यह आयोजन तमिल समुदाय और क्षेत्र के शुभचिंतकों को सांस्कृतिक उत्सवों, पारंपरिक प्रदर्शनों और हार्दिक संबंधों को एक साथ लाया इस अवसर पर एम रवि एडवोकेट , सुब्रमण्यम सचिव, डॉ सुरेश कुमार सलाहकार, के शंकर सचिव, आदि समिति के पदाधिकारी उपस्थिति थें

## गायत्री परिवार की शैफाली पंड्या का भोपाल आगमन



**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की प्रतिनिधि आदरणीया शैफाली पंड्या शाम 5-00 बजे भोपाल विमानतल पर आगमन हुआ इस अवसरपर जगदीश कुलमी जी राजेश पटेल सहित गायत्री परिवार भोपाल ने उत्साह के साथ उनका आत्मीय स्वागत बंधन अभिनंदन किया एवं सौजन्य भेंट कर उनसे शांतिकुंज हरिद्वार का मार्गदर्शन लिया। तदुपरांत शैफाली दीदी सीहोर में होने जा रहे 108 कुंडली गायत्री महायज्ञ 27 से 30 अप्रैल के कार्यक्रम में आज शाम को गायत्री महाद्वीप महायज्ञ के आयोजन में सम्मिलित होगी जहां पर आमजन एवं विशेष कर युवा युक्तियों को संबोधित कर शांतिकुंज का संदेश एवं वर्तमान परिस्थितियों पर संबोधित करेंगी। यह उनका सीहोर में प्रथम आगमन है। 30 अप्रैल को प्रातः 10-00 बजे गायत्री शक्तिपीठ भोपाल पर आकर सभी परिजनों से अपनों से अपनी बात के अंतर्गत भेंट परामर्श का अभियानों एवं गतिविधियों की जानकारी लेंगी।

## पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में आदित्य धार्मिक ने हासिल किया प्रथम स्थान



**भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता जिला ब्यूरो संजय योगी**

आदित्य धार्मिक ने मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह दो दिवसीय आयोजन परमानन्द आश्रम, खंडवा रोड, इंदौर में 26-27 अप्रैल 2025 को हुआ था।आदित्य धार्मिक ने यूथ केटेगरी में डेडलिफ्टिंग में 130 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेहरू स्टेडियम इंदौर में आयोजित प्रतियोगिता में आदित्य धार्मिक ने डेडलिफ्टिंग क्लास केटेगरी में 170 किलो वजन उठाकर फिर से प्रथम स्थान प्राप्त किया।आदित्य धार्मिक को दोनों आयोजनों में गोल्ड मैडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।आदित्य धार्मिक के पिता हेमंत धार्मिक जोशी कॉलोनी के निवासी हैं।

आदित्य को इस उपलब्धि के लिए मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।आदित्य धार्मिक की इस उपलब्धि से उनके परिवार और समाज में खुशी की लहर है। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है.



मंडीदीप एरिया में आए अचानक आंधी तूफान से कंटेनर डिपो में बहुत सारे एम्टी कंटेनर गिर गए हालांकि कोई भी हताहत नहीं हुआ है

## रक्तदान महादान मित्र मंडल की टीम को ह्युमिनिटी अवार्ड 2025 से किया सम्मानित

हेल्प इंडिया फाउंडेशन राज यूस्थान संस्था द्वारा हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी नेशनल ह्युमिनिटी अवार्ड 2025 का आयोजन 27 अप्रेल रविवार प्रातः 10 बजे मोती पेलेस में किया गया इसआयोजन मे रक्तदान महादान मित्र मंडल के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उनकी टीम के साथ कार्यक्रम हुए शामिल आयोजन मे कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती करूणा चाण्डक (पूर्व सभापति), विशिष्ट अतिथि संतोष सहारण पूर्व विधायक सादुलशहर, राजकुमार जोग समाजसेवी ,एडवोकेट प्रताप सिंह शेखावत, जी द्वारा रक्तदान महादान मित्र मंडल के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन सिंह सूर्यवंशी समाज सेवक जयपुर राजस्थान एवम् रक्तदान




महादान मित्र मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश चंद फूलेरिया दुपाड़ा मध्यप्रदेश ओर मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता भेरू लाल जी सोलंकी टोलखेड़ी दुपाड़ा शाजापुर मध्यप्रदेश को सम्मानित किया गया

## महगाई भत्ता बढ़ने पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

भोपाल हेडलाइन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को 1जुलाई 2024 से 3त्न और 1 जनवरी 2025 से 2त्न महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त स्वीकृत करने की घोषणा की। विदित है कि अभी हाल मे ही संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के निर्देश पर भोपाल इकाई ने माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष उक्त मांग प्रमुखता से उठाई थी द्य पांच प्रतिशत मंहगाई भत्ता बढ़ने से प्रदेश के लाखों कर्मचारी लाभान्वित होंगे, उक्त घोषणा होने पर संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल प्रांतीय उपाध्यक्ष ,के के आर्य ,शिवनाथ प्रसाद मिश्र जिलाध्यक्ष खंडवा ,नितिन पाटिल, भीमाशंकर पटेल , राज कुमारी धार्वे ,सीमा माली, ,मुकेश पटेल,देवेंद्र माणिक,शबनम शेख, सुखदेव कनाडे ,कैलाश वर्मा ,देवेंद्र राजावत , संजीव कुमार पांडेय,नवनीत नकुल, सहित सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है साथ ही प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना किये संबंधी आदेश जारी करने की अपील की है

## देवास कलेक्टर के आदेश का नहीं हो रहा पालन

भोपाल हैडलाइंस टोंक खुर्द जी हां आपको बता दें कि ग्राम चिडावद में नरवाई जलाने के सिलसिले अभी तक नहीं थम रहे हैं, दोपहर नरवाई जलाने का मामला सामने आया है, जिसमें आग काफी तेजी से फैल गई, और खेत के पड़ोस में आम का बगीचे में जा पहुंची, इस दौरान किसान अपने बगीचे की काफी दिनों से देखरेख कर रहे थे, ऐसे में अगर किसी किसान का नुकसान होता है तो और किसान ने मीडिया का सहारा लेते हुए, बताया की मेरे खेत में पौधों को पानी देने के लिए ड्रिप लगाई थी,



लेकिन वहां ड्रिप और पौधे पूरी तरीके से जलकर राख हो गए हैं, किसान ने बड़ी मेहनत से आम का बगीचा लगा रखा था, कुछ पानी के लिए ड्रिप भी पड़ी हुई थी, जलकर हुई राख गोबर की खाद भी जलकर हुई नष्ट, आम के पौधे भी झुलस गए और बगीचे के मालिक ने किसान से कहां की मेरे बगीचे में आम झुलस गए हैं, बगीचे का मालिक तुरंत आग लगने पर नायब तहसीलदार टप्पा चिडावद को, अवगत करवा दिया गया, तहसीलदार ने कहा कि इस पर तुरंत कार्रवाई की जावेगी

## नगर परिषद केवलारी द्वारा बनायी जा रही सीसी रोड शुरू आती जांच में ही पाई गई बहुत सी अनिमिताएं

**भोपाल हेडलाइंस 24 से जिला ब्यूरो चीफ जमुना अहरवार केवलारी**

केवलारी - नगर परिषद केवलारी के वार्ड नम्बर 13 राम पेट्रोल पंप से छोटा बैनगंगा नदी तक ठेकेदार के माध्यम से सीसी रोड बनाई जा रही थी, वार्ड वासी की पहल मे स्वपनिल उपाध्याय ने एसडीएम केवलारी से बनाई जा रही सीसी रोड की गुणवत्ता की जांच हेतु निवेदन किया था एसडीएम महेश अग्रवाल के आदेशानुसार जांच टीम गठित की गई दिन सोमवार की शाम पांच जांच टीम वार्ड नंबर 13 निर्माणाधीन रोड की जांच करने के लिए पहुंची जांच के दौरान प्रथम दृष्टता में जांच अधिकारी शिव शंकर चौकसे एसडीओ ने बताया कि सीसी रोड गुणवत्ताहीन बनी है क्योंकि इसमें कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट और एक्सपेंशन जॉइंट नहीं बने है जिससे सीसी सड़क की उम्र कम और दरारे आने की संभावना बढ़ जाती है और वही इसमें लोहा नहीं लगाया गया है।

### ठेकेदार को पेमेंट मिलने के बावजूद क्यों अधूरा रुका काम??

वही वार्डवासियों का कहना है कि यह सीसी सड़क का काम कई दिनों से रुका



हुआ है जबकि जानकारी के मुताबिक नगर परिषद द्वारा मूल्यांकन कर विधिवत् पेमेंट भी हो चुकी है इसके बाद भी अभी अधूरा सीसी सड़क के काम में वार्ड वासियों सहित नगर वासियों में रोष व्याप्त है।

### नगरीय प्रशासन की लापरवाही उजागर कैसे निकलेगा समाधान

केवलारी नगरीय प्रशासन की लापरवाही भी उजागर हुई है जहां सीसी सड़क कार्यों में अनियमितताएं होने के बाद भी नगर परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उप यांत्रिक के द्वारा सही मूल्यांकन दर्शाकर ठेकेदार को पेमेंट कर दी जा रही है जिसमें बाबुओं को संलिप्तता में भी प्रश्न चिन्ह सवालों के घेरे में है??सीसी रोड निर्माण में कई प्रकार की खामियां पाई गई अब प्रश्न यह उठता है कि लाखों रुपए खर्च कर बनाई गई गुणवत्ताहीन रोड क्या तोड़ा जाकर फिर बनाया जाएगा या इसी रोड पर लीपा पोती कर आम जनता के लिए खोल दी जाएगी इसकी उम्र क्या होगी या बनाने वाले ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा या कार्यवाही की जाएगी । जांच अधिकारी एसडीओ शिव शंकर चौक से ने कहा कि अभी जांच चल रही है जांच के बाद अन्य निष्कर्ष भी आएंगे जिस पर विधिवत कार्यवाही किए जाने के लिए प्रशासन को लिखा जाएगा।